
# स्क्रीनिंग क्या है ?

स्क्रीनिंग एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम है और इसका उपयोग कैंसर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए किया जाता है ताकि उसका उपचार जल्द से जल्द किया जा सके ।

- यह टेस्ट बिलकुल फ्री है ।
- यह बहुत आसान है ।
- इससे कोई दर्द नहीं होता ।
- यह टेस्ट आप अपने घर के निकट स्वास्थ्य केंद्र में करवा सकते है ।
- आपको इस टेस्ट के लिये अपॉइंटमेंट निमंत्रण पत्र के जरिये भेज दी जाएगी ।
- इस टेस्ट के लिये आपको डॉक्टर द्वारा लिखित निर्देश पेपर जिसे इटालियन में impegnativa del medico भी कहा जाता है की भी जरूरत नहीं है ।
- आपकी गोपनीयता की गारंटी है ।




अधिक जानकारी के
फ्री ऐप डाउनलोड करें

Download on the App Store
ANDROID APP ON Google play

Azienda USL di Reggio Emilia

Centro Screening

Lunedì - Venerdì

dalle **8.00** alle **13.00** e dalle **14.00** alle **17.00**

telefono 0522.335327

email **info.screening@ausl.re.it**

**अगर आपको कोई पत्र नहीं आया** या आप इस कार्यक्रम के बारे में **अधिक जानकारी** चाहते हैं तो कृपया Centro Screening को सम्पर्क करें ।

il servizio sanitario *si prende cura di te*

## कृप्या स्क्रीनिंग करवाईए

## अपनी सेहत को सुरक्षित रखने के लिए


HINDI

Progetto finanziato da

REGIONE MARCHE · AGENZIA REGIONALE SANITARIA · SERVIZIO SANITARIO REGIONALE EMILIA-ROMAGNA Azienda Unità Sanitaria Locale di Reggio Emilia IRCCS Istituto in tecnologie avanzate e modelli assistenziali in oncologia · REGIONE CAMPANIA · Alisa Sistema Sanitario Regione Liguria · senza confini · INMP · NIHMP

www.agenziaimage.it - 2019

# ब्रेस्ट स्क्रीनिंग (स्तन चित्रण)



यह एक **सरल, मुफ्त, जल्दी** और **दर्द रहित** टेस्ट **है** ।

ब्रेस्ट स्क्रीनिंग एक एक्स-रे टेस्ट के द्वारा की जाती है जिसे मैमोग्राम टेस्ट भी कहा जाता है । यह टेस्ट **हर साल किया जाता है** जिनकी उम्र **45-49** के बीच है और जिनकी उम्र **50-74** के बीच है उनके लिए यह टेस्ट **हर दो साल के बाद किया जाता है**, यह जांचने के लिए अगर आपकी स्तन नार्मल (सामान्य) है या नही ।

अगर आपकी उम्र **45 और 74 के बीच है** तो आपको **एक निमंत्रण पत्र** के जरिये ब्रेस्ट स्क्रीनिंग यानी स्तनों की जांच के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिस पर अस्पताल में जाने की **अपॉइंटमेंट** भी दी गई होगी ।

अगर आप चाहें तो Centro Screening को सम्पर्क करके अपनी अपॉइंटमेंट का समय और दिन बदल सकते हैं।

अगर आपको यह टेस्ट के लिए निमंत्रण पत्र नहीं मिला तो कृपया Centro Screening को सम्पर्क करें ।

स्क्रीनिंग  टेस्ट का परिणाम आपके घर एक डाक पत्र के ज़रिये भेज दिया जाएगा ।

अगर हमें अधिक टेस्ट की जरूरत होगी तो हम आपसे संपर्क करेंगे और आगे की जाँच निर्धारित करेंगे ।

# सर्वाइकल स्क्रीनिंग (पैप टेस्ट/एचपीवी टेस्ट )



यह एक **सरल, मुफ्त, जल्दी** और **दर्द रहित** टेस्ट **है** ।

सर्वाइकल स्क्रीनिंग जा फिर पैप टेस्ट/ **एचपीवी** का उपयोग कैंसर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए किया जाता है तां जो कैंसर को रोका जा सके ।

अगर आपकी **उम्र 25 से 29 साल के बीच है** तो आपको पैप टेस्ट **हर 3 साल** के बाद करवाना होगा; अगर आपकी **उम्र 30 से 64 साल के बीच है** तो आपको **एचपीवी (HPV) टेस्ट हर 5 साल** के बाद करवाना होगा ।

अगर आपकी **उम्र 25 और 64 के बीच है**  तो यह टेस्ट  करने के लिए आपको **एक निमंत्रण पत्र** के जरिए आमंत्रित किया जाएगा, जिस पर पारिवारिक चिकित्सा सेवा केंद्र जिसे इटालियन में Consultorio Familiare भी कहा जाता में जाने की **अपॉइंटमेंट** भी दी गई होगी ।

अगर आप चाहें तो Centro Screening को सम्पर्क करके अपनी अपॉइंटमेंट का समय और दिन बदल सकते हैं।

अगर आपको यह टेस्ट के लिए निमंत्रण पत्र नहीं मिला तो कृपया Centro Screening को सम्पर्क करें ।

स्क्रीनिंग  टेस्ट का परिणाम आपके घर एक डाक पत्र के ज़रिये भेज दिया जाएगा ।

अगर हमें अधिक टेस्ट की जरूरत होगी तो हम आपसे संपर्क करेंगे और आगे की जाँच निर्धारित करेंगे ।

# अंतड़ियों की स्क्रीनिंग (COLON RECTOL) - टेस्ट मल में मौजूद रक्त जिसे हम देख नही सकते को ढूंढने के लिए



यह एक **सरल, मुफ्त, जल्दी** और **दर्द रहित** टेस्ट **है** ।

यह टेस्ट **मल में मौजूद छुपे हुए (दिखाई नहीं दे रहे) रक्त की उपस्थिति को जांचने के लिए किया जाता है** । यह टेस्ट हर दो साल के बाद किया जाता है ।

अगर आपकी **उम्र 50 और 69 के बीच है** तो यह टेस्ट करने के लिए आपको एक **निमंत्रण पत्र** के जरिए आमंत्रित किया जाएगा, जिस पर मल को इकट्ठा करने वाला कंटेनर (डिब्बी) को लेने के लिए अपॉइंटमेंट दी होगी ।

अगर आप चाहें तो Centro Screening को सम्पर्क करके अपनी अपॉइंटमेंट का समय और दिन बदल सकते हैं।

अगर आपको यह टेस्ट के लिए निमंत्रण पत्र नहीं मिला तो कृपया Centro Screening को सम्पर्क करें ।

स्क्रीनिंग  टेस्ट का परिणाम आपके घर एक डाक पत्र के ज़रिये भेज दिया जाएगा ।

अगर हमें अधिक टेस्ट की जरूरत होगी तो हम आपसे संपर्क करेंगे और आगे की जाँच निर्धारित करेंगे ।